हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


11 जितना बेहतर काष्ठ डिपो में होगा उतना ही शासन को ...


13 उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में अवैध प्रवेश ...







## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

पुरूर(धमतरी)। पुरूर थाना अंतर्गत ग्राम उसरवारा में दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की की मौत हो गई वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम लगभग 7 बजे ग्राम उसरवारा के तीन युवक फूलचंद कुंजाम उम्र 34 वर्ष, धनसिंह नेताम उम्र 25 वर्ष, लोकेश मंडावी उम्र 36 वर्ष एक ही मोटरसाइकिल से नेशनल हाईवे 30 पुरूर मार्ग से अपने गांव उसरवारा लौट रहे थे। जैसे ही वे गांव के मिडिल स्कूल के पास पहुंचे थे तभी सामने से आ रही एक टैक्टर चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि फूलचंद कुंजाम और लोकेश मंडावी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं धनसिंह नेताम गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें तत्काल धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम मुखिया ईको पर्यटन के गुडविल एम्बेसडर बने, कुल्हाड़ी घाट को नई पहचान देगी उड़न गिलहरी, गुडविल कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# रिजर्व के दुर्लभ वन्यप्राणी रोकेंगे ग्रामीणों का पलायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टाइगर रिजर्व क्षेत्र में निवासरत ग्रामीणों को अब पलायन नहीं करना पड़ेगा। इस जंगल के दुर्लभ वन्यप्राणी ग्रामीणों के रोजगार का बड़ा साधन बनने जा रहे हैं। यूएसटीआर का गुडविल कार्यक्रम आज से प्रारंभ हो गया है। दुर्लभ वन्य प्राणियों एवं प्राकृतिक सौंदर्य को देखने आने वाले पर्यटक ग्रामीणों के लिए आय का बड़ा जरिया होगा।

उल्लेखनीय है कि उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण आजीविका के लिए दक्षिण राज्यों की ओर पलायन करते हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार नहीं मिलने के कारण वे दक्षिण राज्यों में जाकर ईंट बनाने, फैक्ट्री आदि में काम करते हैं लेकिन अब पलायन की संख्या नगण्य होगी क्योंकि रिजर्व क्षेत्र में दुर्लभ वन्य प्राणियों की बढ़ती संख्या ग्रामीणों को व्यापक रूप से रोजगार देने जा रही है।



यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि वन विभाग एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से टाइगर रिजर्व में विगत 3 वर्षों से पश्चिमी घाट के वन्य प्राणियों मालाबार पाइड हार्नबिल, भारतीय उड़न गिलहरी, भारतीय विशाल गिलहरी एवं दुनिया का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी शाहीन फाल्कन की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इन दुर्लभ वन्य प्राणियों को देखने दूर-दूर से पर्यटक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व पहुंचने लगे हैं। इसके अतिरिक्त धमतरी तथा गरियाबंद जिला नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त हो चुके हैं। इन दुर्लभ पशु पक्षियों के सतत संरक्षण, संवर्धन एवं इको पर्यटन को बढ़ाने के लिए ग्राम प्रमुखों को गुडविल एम्बेसडर बनाने की मुहिम शुरू की गई है। इन प्रमुखों द्वारा टाइगर रिजर्व के लिए फील्ड स्टाफ के साथ मिलकर ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। यहां के इच्छुक युवक-युवतियों को नेचर गाइड एवं सफारी गाइड बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इनके माध्यम से पर्यटकों को दुर्लभ वन्य प्राणियों, जलप्रपातों एवं वनों के प्राकृतिक सौंदर्य से रूबरू कराया जाएगा। नेचर एवं सफारी गाइड का टाइगर रिजर्व की वेबसाइट पर पंजीकरण होगा। इससे पर्यटक ऑनलाइन अपनी सफारी एवं गाइड चुन सकेंगे। इससे स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। वहीं ग्रामीणों को आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु जाकर बोर गाड़ी, ईंट, भट्टी आदि में काम करने के लिए जाने की जरूरत नहीं होगी।

### कयाकिंग, जिप्सी, होम स्टे की सुविधा




रिजर्व क्षेत्र के कुल्हाड़ी घाट में दुर्लभ उड़न गिलहरी के लिए कमार जनजाति प्राधिकरण के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी को गुडविल एम्बेसडर बनाया गया है। कुल्हाड़ी घाट में कयाकिंग एवं जिप्सी की सुविधा उपलब्ध होगी। रिजर्व के ग्राम ओढ़ में श्रीमती राजी बाई शोरी (सरपंच), लीलेश यादव को मालाबार पाइड हार्नबिल का एम्बेसडर बनाया गया है। यहां कयाकिंग एवं ठहरने के लिए टेंट हाउस की व्यवस्था शुरू हो गई है। ग्राम साहेबिन कछार में वनभैंसा का दीदार करने जिप्सी सफारी उपलब्ध है। यहां का एम्बेसडर ग्राम प्रमुख रूपसिंग मरकाम को बनाया गया है। ग्राम नागेश में वनभैंसा को दिखाने अर्जुन नायक को एम्बेसडर बनाया गया है। यहां जिप्सी सफारी उपलब्ध है। ग्राम कोयबा में भारतीय विशाल गिहलरी के लिए खेलसिंग एवं दीपक मंडावी एम्बेसडर होंगे। यहां ठहरने के लिए 8 कॉटेज तथा सफारी के लिए 2 जिप्सी मिलेगी। ग्राम आमामोरा में हार्नबिल के लिए अर्जुन सोरी, ग्राम बुड़गेलटप्पा में शाहीन बाज एवं हार्नबिल के लिए कुमारी बाई ध्रुव (अध्यक्ष लघुवन समिति), ग्राम इंदागांव में हार्नबिल तथा गौर के लिए यशवंत मरकाम, बाघ ग्राम भीरागांव के लिए सुकलाल, भारतीय विशाल गिलहरी ग्राम बहीगांव के लिए सरपंच सियालाल मंडावी को एम्बेसडर बनाया गया है।















# कोसा उत्पादन एवं धागा निर्माण से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला खनिज न्यास के आर्थिक सहयोग एवं तकनीकी सहयोग के रूप में कार्यरत खोज संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्राम तुमड़ीबाहर में ग्रामोद्योग विभाग (रेशम विभाग) द्वारा कोसा धागाकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दो ग्रामों से चयनित कुल 40 हितग्राहियों (प्रत्येक ग्राम से 20-20) को 9 अप्रैल से 8 मई 2 तक कोसा धागाकरण का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को कोसा उत्पादन एवं धागा निर्माण की तकनीकी जानकारी दी जाएगी, जिससे वे भविष्य में आर्थिक रूप से सशक्त बन सकेंगी।

उल्लेखनीय है कि वन प्रबंधन समिति के गठन के पश्चात जब ग्राम की महिलाओं को सामुदायिक वन अधिकार प्राप्त हुआ, तब जंगल भ्रमण के दौरान उन्हें कोसा फसल की उपलब्धता का पता चला। इस महत्वपूर्ण जानकारी को महिलाओं द्वारा कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को अवगत कराया गया। महिलाओं की इस पहल और जागरूकता को देखते हुए प्रशासन द्वारा उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

**तुमड़ीबाहर में 40 हितग्राहियों को दिया जा रहा कोसा धागाकरण का प्रशिक्षण**



शुभारंभ अवसर पर जनपद सदस्य श्रीधन सोम, ठेनही के सभापति दिनेश यादव, ग्राम सभा सदस्य गजानंद अहीर, वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रकाश ओटी सहित खोज संस्था से बेनीपुरी गोस्वामी, मीनाक्षी यादव एवं अजय कुंजाम तथा वन प्रबंधन समिति की सचिव प्रियंका साहू, पार्वती नेताम, होमेश्वरी ध्रुव, कृषि सखी मिश्री देवी, महिला प्रशिक्षणार्थी बालिका मरकाम, संगीता, तेजमती, राधिका, महेश्वरी, दमयंती, पद्मिनी, पूर्णिमा, तारामती, रूपा, संतोषी यादव, भुवनेश्वरी, सविता ध्रुव, यमुना ध्रुव, लेखनी ध्रुव, रुक्मणी ध्रुव, मनेष ध्रुव, परमेश्वरी भंडारी, रेवती ध्रुव उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि वन संपदा के संरक्षण एवं उसके सतत उपयोग को भी बढ़ावा देगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### आदि गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव समारोह 26 को

**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज रायपुर द्वारा प्रांतीय स्तर पर आदि गुरु शंकराचार्य का प्राकट्य उत्सव समारोह 26 अप्रैल को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जाएगा। मोहनगिरी गोस्वामी प्रांत अध्यक्ष, वीरेंद्रपुरी गोस्वामी पूर्व प्रांत अध्यक्ष, सुधीर बन गोस्वामी प्रदेश कोषाध्यक्ष, योगेंद्र पुरी गोस्वामी, संजय गिरी, कुबेर प्रकाश गिरी, प्रभाकर बन गोस्वामी, वेदपुरी गोस्वाम, आनंद गिरि गोस्वामी, दिनेश पुरी गोस्वामी, दीपक बन, नीलम बन, विजयपुरी ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### विधायक आज जोरातराई सौराबांधा, तर्रागोंदी जुगदेही प्रवास पर

**कुरुद।** केंद्र एवं प्रदेश भाजपा संगठन के गांव चलो, घर चल अभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक



अजय चंद्राकर विभिन्न गांवों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भाजपा की रीति-नीति व शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू होंगे। विधायक दोपहर 12:30 बजे ग्राम जोरातराई (सी), 1 : 30 बजे सौराबांधा, 2:30 बजे तर्रागोंदी तथा शाम 3:30 बजे जुगदेही पहुंचेंगे। इस दौरान प्रत्येक गांव में वे स्थानीय नागरिकों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे।

## जीवनदीप समिति की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर जोर, नए प्रस्तावों को मंजूरी

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



जीवनदीप समिति की बैठक विधायक अम्बिका मरकाम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगरी क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा संस्थागत विकास कार्यों को गति देने पर चर्चा की गई। विभिन्न विकास कार्यों एवं प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान समिति द्वारा पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई। विधायक श्रीमती मरकाम ने निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, एसडीएम नगरी प्रीति दुर्गम, नगर पंचायत के स्वास्थ्य सभापति शंकर देव, विद्युत विभाग के जेई ऋषभ बिसेन, जनपद पंचायत नगरी के पीओ श्री नेताम सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार नेताम उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर फोकस**

बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों के उन्नयन, मरीजों की सुविधाओं के विस्तार एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए नए प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। समिति ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इन प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

**वित्तीय स्थिति की समीक्षा हुई**

जीवनदीप समिति के आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों ने पारदर्शिता बनाए रखने एवं संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अधिकारियों ने दी विभागीय जानकारी**

बैठक में बीएमओ नगरी द्वारा अस्पताल की क्लिनिकल गतिविधियों, मरीजों की संख्या, उपचार व्यवस्थाओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। वहीं बीपीएम नगरी ने बैठक के एजेंडा का प्रस्तुतिकरण करते हुए आगामी कार्ययोजनाओं की रूपरेखा साझा की।

**विधायक ने दिए सख्त निर्देश**

बैठक में विधायक श्रीमती अम्बिका मरकाम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# कुल्हाड़ी में चला बुलडोजर, 26 अतिक्रमण ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

■ नोटिस के बाद प्रशासन की सख्त कार्रवाई





जिले में शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी कड़ी में कुरूद विकासखंड के ग्राम कुल्हाड़ी में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 अवैध अतिक्रमणों को हटाया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजस्व, पंचायत और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुल्हाड़ी में लंबे समय से शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे किए गए थे, जिनमें पक्के निर्माण, दीवारें और घेराबंदी शामिल थीं। प्रशासन ने पहले ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर समझाइश दी थी। इसका असर यह हुआ कि अधिकांश लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने में सहयोग किया, जिससे पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माणों को हटाया गया। मौके पर किसी प्रकार का विरोध या तनाव देखने को नहीं मिला, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक भूमि को मुक्त कर उसे आमजन के उपयोग में लाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि गांवों में सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## अंचल की खबरें

### छिपली में भाजपा के वरिष्ठजनों का सम्मान



**मगरलोड।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर ग्राम छिपली में गांव बस्ती चलो अभियान का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम प्रभारी चेतन साहू के मार्गदर्शन पर बूथ अध्यक्ष डा. नरेंद्र कुमार साहू , सरपंच नारायण साहू, कार्यक्रम सह प्रभारी रमेश साहू नेतृत्व में हुआ। भाठापारा के तालाब पार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्राम पंचायत परिसर में पौधे रोपे गए। ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम के भाजपा परिवार के जामुन ध्रुव, जाहिर साहू, ठाकुरराम को श्रीफल और गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। मौके पर मनोहर साहू, ज्ञानेंद्र साहू, भीखम मरकाम, चंपालाल, रामकृष्ण निषाद, ठाकुर राम, चुन्नीलाल साहू, रवि यादव, लखेश्वरी साहू, सोनाई बाई ध्रुव, टीकम निर्मलकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छात्रों को केला, अंगूर, चॉकलेट व मिठाई बांटी



**सिर्री।** सरपंच संघ कुरूद के अध्यक्ष खुरसेंगा निवासी हरिशंकर साहू एवं उनकी पत्नी श्रीमती हुलसी साहू ने 10 अप्रैल को अपने जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक शाला कुल्हाड़ी के विद्यार्थियों के साथ खुशियां बांटी। इस अवसर पर बच्चों को न्योता भोज में केला, अंगूर, तरबूज, चॉकलेट, मिठाई एवं शुद्ध पानी की बोतल प्रदान की गई। श्रीमती हुलसी साहू स्वयं शासकीय प्राथमिक शाला कुल्हाड़ी में प्रधानपाठिका के रूप में सेवारत हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखा गया। हरिशंकर साहू एवं हुलसी साहू ने बच्चों के साथ समय बिताकर जन्मदिन मनाया और खुशियां बांटी। इस अवसर पर शिक्षकगणों ने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

### खिलावन कांग्रेस के जिला सचिव बने



**मगरलोड।** सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा खिलावन साहू को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। खिलावन वर्तमान में ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के कोषाध्यक्ष व नगर पंचायत पंचायत मगरलोड भैसमुंडी के वार्ड क्रमांक 9 में पार्षद पद का निर्वहन कर रहे हैं। वे सेनि आर्मी हैं। उनकी नियुक्ति पर नगर पंचायत अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू, उपाध्यक्ष रुक्मणि सिन्हा, विनीत बाफना, डीहूराम साहू, ज्ञानदेव साहू, नीलम साहू, नरेश सिन्हा, मयाराम साहू, लोकेश साहू, नारायण निर्मलकर, ईश्वर साहू, खिलेश देवागण, महमूद खान, लोम सिंग, हिरवानी ठाकुर, सत्यनारायण साहू, देवेंद्र साहू, कमलेश बंजारे, पप्पू सोनी ने हर्ष जताया है।

### ग्रामीणों को दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**मगरलोड।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत ग्राम राजपुर में कार्यक्रम हुआ। इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी विजय यदु, सहप्रभारी योगेश ध्रुव, बूथ अध्यक्ष लेखराम ध्रुव, ओमप्रकाश निषाद, टेकराम निषाद, पवन निषाद, लक्ष्मण ध्रुव, तामेश्वर साहू, राकेश यदु, नंदलाल निषाद, पुनीत, देवलाल कंवर, गणेश यादव, पोखर यादव, मंथीर यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मगरलोड में संस्कार शाला का शुभारंभ

**मगरलोड।** गवर्नमेंट पीएस ग्राउंड में एक एनजीओ के तत्वावधान में संस्कार शाला का संचालन प्रारंभ किया गया। इस आयोजन में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। संस्कार शाला में बच्चों को नैतिक शिक्षा के अंतर्गत संस्कारों के 10 महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही इन सभी नियमों को बच्चों से लिखवाया भी गया, ताकि वे उन्हें अच्छी तरह समझ सकें और अपने जीवन में उतार सकें। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक माखन लाल साहू ने प्रत्येक नियम को सरल भाषा में समझाते हुए अनेक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि अच्छे संस्कार ही मन की शुद्धि और व्यक्तित्व के विकास का आधार होते हैं। यदि वे इन संस्कारों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं, तो वे एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। यह संस्कार शाला पूरे एक महीने तक नियमित रूप से संचालित की जाएगी, जिसमें बच्चों को नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सिखाई जाएंगी।

## निधन

### बुधा देवी साहू

**धमतरी।** ग्राम मंदरौद निवासी श्रीमती बुधा देवी साहू 76 वर्ष का निधन हो गया। वे राइस मिल मंदरौद के



संचालक बैसाखू राम साहू की पत्नी, आत्माराम और आनंद राम की मां तथा लोमस, मोहन और छबिलाल की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित थे।

### सुरेश कुमार भारद्वाज

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम पुरूर निवासी सुरेश कुमार भारद्वाज उम्र 56 वर्ष का 11 अप्रैल को सुबह 8



बजे निधन हो गया । वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे किराना व्यवसायी तोषण भारद्वाज एवं रवि भारद्वाज के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। परिजनों एवं व्यापारी संघ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपाइयों ने किया हितग्राहियों का सम्मान



■ शक्ति केंद्र देवपुर में गांव चलो-बस्ती चलो अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर 7 से 12 अप्रैल तक चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान अंतर्गत भाजपा मंडल नगरी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शक्ति केंद्र देवपुर अंतर्गत बूथ क्रमांक 189 एवं 190 में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला गैस योजना, भूमिहीन तथा वरिष्ठ नागरिक सम्मान जैसी विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन ग्राम देवपुर स्थित टेशकुमार साहू के निवास पर संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मुख्य रूप पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, बूथ अध्यक्ष महेंद्र सिन्हा, खेमेंद्र साहू, नीलम साहू, चंद्रराम यादव, युमेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य गांव-गांव जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। सभी लोगों ने सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### ठेठवार समाज का शपथ ग्रहण समारोह आज

**धमतरी।** जिला यदुवंशी ठेठवार समाज के नवीन पदाधिकारियों का आज शपथ ग्रहण समारोह ग्राम मुड़पार में होगा। पूर्व अध्यक्ष मुरारी यदु, अमनराव भाजपा मंडल अध्यक्ष रांवा, कोमल यदु, रामेश्वर यदु, नरेश यदु, महेश यदु, बाबूलाल यदु की उपस्थिति में नवनियुक्त अध्यक्ष दादूलाल यदु, सचिव जगन्नाथ यदु, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद यादव समेत अन्य शपथ लेंगे।

### नवागांव में अंबेडकर जयंती 14 को

**अंवरी।** ग्राम नवागांव( थूहा) में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती ग्रामीण समिति के तत्वाधान में मनाई जाएगी। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा लोगों के मौलिक अधिकार और कर्तव्य पर व्याख्यान दिया जाएगा। पंथी नृत्य का कार्यक्रम रखा गया है। बुजुर्गों का सम्मान किया जायेगा। आयोजन समिति के छन्नूलाल महिलागे, दिनेश लहरे, घटोत्कच लहरे ने ग्रामीणजनों से उपस्थित की अपील की है।

## रंगोली स्पर्धा में जागृति भाषण में वैशाली अव्वल




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ भूगोल विभाग में विविध कार्यक्रम का आयोजन

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग परिषद के तत्वावधान में स्मार्ट क्लास रूम में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में 8 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम जागृति एमए प्रथम सेमेस्टर (भूगोल), द्वितीय हितेश्वरी एमए प्रथम सेमेस्टर (भूगोल) एवं संतोषी बीए तृतीय वर्ष रही। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में वैशाली प्रजापति प्रथम स्थान, अनुराग जैन द्वितीय स्थान एवं चंद्रप्रभा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व्यंजन प्रतियोगिता में 12 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खारा व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम आयुष वाल्मिकी एमए चतुर्थ सेम., द्वितीय दिपांशु साहू एमए चतुर्थ सेम. एवं तृतीय वैशाली प्रजापति एमए चतुर्थ सेम रही। मीठा व्यंजन प्रतियोगिता में खिलेश्वरी प्रथम, जागृति द्वितीय एवं प्रीति यादव एमए द्वितीय सेम. तृतीय रही। निर्णायक प्रो. केपी कोसिमा, डॉ. एसके नाग एवं सुश्री आकांक्षा दौलतानी रहे।

## पीएमश्री स्कूल के शिक्षकों को आईआईटी भिलाई में क्षमता निर्माण का दिया गया प्रशिक्षण

# आधुनिक तकनीक, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा और डिजिटल टूल्स पर मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



पीएमश्री स्कूलों में कार्यरत विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण और आधुनिक तकनीकी दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईटी भिलाई में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार धमतरी जिले से 4 पीएमश्री स्कूल के शिक्षकों गोपाल साहू व्याख्याता पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम शाउमा विद्यालय बठेना, कौशलपुरी गोस्वामी व्याख्याता पीएमश्री अंग्रेजी शाउमा विद्यालय कुरूद, पोषण निषाद पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम शाउमा विद्यालय भैंसमुण्डी, वासुदेव साहू व्याख्याता पीएमश्री अंग्रेजी माध्यम शा.श्रृगी. उमावि नगरी सहित राज्यभर से 151 शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया।

यह कार्यक्रम भारत सरकार की पीएमश्री योजना के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना और स्कूलों को मॉडल संस्थान के रूप में विकसित करना है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, डिजिटल टूल्स, सस्टेनेबल एनर्जी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थ्रीडी प्रिंटिंग, ड्रोन तकनीक तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रभावी कक्षा संचालन के तरीकों की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही प्रतिभागियों को आधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया गया और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विषय ज्ञान बढ़ाना नहीं बल्कि शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों के लिए तैयार करना भी था।

समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बताया। उनका कहना था कि इस अनुभव से उनके शिक्षण कौशल में वृद्धि होगी और वे विद्यार्थियों को अधिक प्रभावी एवं व्यावहारिक शिक्षा दे सकेंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

खबर संक्षेप

## पालिका के बजट में बड़ी नाली के लिए प्रावधान पार्षद ने जताया हर्ष



**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 04 नयापारा के पार्षद राहुल आवड़े ने पालिका बजट में उनके वार्ड क्षेत्र में बड़ी नाली निर्माण की सौगात मिलने पर नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया है। आवड़े ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका के 2026–27 के बजट में वार्ड क्रमांक 04, 05 एवं 06 में सोरिद रोड से तुमगांव रोड तक बड़ी नाली निर्माण कार्य के लिए 80 लाख रुपए का प्रावधान किया है। इसके अलावा वार्ड क्र. 04 एवं 07 में नयापारा अंबेडकर स्कूल में पेव्हर ब्लाक कार्य के लिए 20 लाख रुपए बजट रखा है। उक्त दोनों कार्य से वार्डवासियों के मूलभूत सुविधाओं में विस्तार के साथ ही वार्ड की सुंदरता भी बढ़ेगी। राहुल ने कहा कि बड़ी नाली के निर्माण से 3 वार्डों से निकलने वाले गंदे पानी की समुचित निकासी होगी। जिससे जलभराव की समस्या सहित नाली जाम होने जैसे समस्याओं से भी निजात मिलेगी। स्कूल परिसर के पास पेवर ब्लॉक निर्माण से कीचड़ की समस्या से बच्चों को छुटकारा मिलेगा।

## मोहगांव स्कूल के छात्र युवराज सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के लिए चयनित



**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव विकास खंड पिथौरा के छात्र युवराज पटेल का चयन सैनिक स्कूल अंबिकापुर के लिए हुआ है। युवराज पटेल ने सैनिक स्कूल चयन परीक्षा में 300 में से 270 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में छठवां रैंक प्राप्त किया था। साथ ही नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए थे। विद्यालय के प्रधान पाठक व मार्गदर्शक भोजराज प्रधान ने बताया कि युवराज पटेल बहुत ही प्रतिभावान विद्यार्थी हैं, इनका लक्ष्य सैनिक स्कूल ही था और इन्होंने सैनिक स्कूल में प्रवेश लिया है। युवराज पटेल सांकरा निवासी शिक्षक फाल्गुनी कुमार पटेल व नीलावती पटेल के सुपुत्र हैं। युवराज पटेल के सैनिक स्कूल में चयन होने पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ सरपंच विजय बारीक व पंचायत प्रतिनिधियों ने हर्ष जताया।

## 5 करोड़ मूल्य का करीब 10 क्विंटल गांजा नष्ट



**महासमुंद।** जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध नशीले पदार्थों को जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी की मौजूदगी में जब्त किए गए। नष्टीकरण की जानकारी के अनुसार 9 क्विंटल 96 किलो 660 ग्राम अनुमानित कीमत 5 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपए को बालाजी प्लांट, बेलसोंडा (महासमुंद) में नष्ट किया गया हैं। यह नष्टीकरण की प्रक्रिया थाना कोमाखान के अंतर्गत दर्ज 3 अलग-अलग मामलों से जुड़ी है। इनमें वर्ष 2025 का एक मामला और वर्ष 2026 के दो मामले शामिल थे। इन मामलों में पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध गांजा जब्त किया था, जिसे शनिवार को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। नष्टीकरण की पूरी कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी के सामने संपन्न हुई। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष (पुलिस अधीक्षक, महासमुंद), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और जिला आबकारी अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों के समक्ष पहले जब्त माल का भौतिक सत्यापन किया गया और वजन मिलान के बाद इसे नियमानुसार नष्ट किया गया।

# विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सब स्टेशन सराईटोला में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

### विभागीय अधिकारी ने कहा, जल्द ही समस्या का समाधान होगा



सराईटोला सबस्टेशन क्षेत्र में लगातार हो रही विद्युत कटौती से आक्रोशित ग्रामीणों ने सब स्टेशन परिसर के पास धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक नियमित रूप से बिजली बंद की जा रही है। इस कारण न केवल किसानों को कृषि कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है।

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शत्रुघ्न साक्षी, रामेश्वर मरकाम (सरपंच दुगली), रामेश मांडवी (सरपंच बांधा), बंशी सोरी, अमृत मरकाम, धीर सिंह, रामलाल तुमरेटी, श्यामा मांडवी, नरसिंह मरकाम, रूमलाल नेताम, फेरेम लाल नेताम, पाहार मरकाम, धानी मरकाम, गयेतरू नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्काल समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि क्षेत्र में सुचारु रूप से बिजली आपूर्ति की जा सके।

### नगरी डिपो में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय काष्ठागार प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

# जितना बेहतर काष्ठ डिपो में होगा उतना ही शासन को राजस्व मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी






वनमंडल धमतरी के अंतर्गत काष्ठागार नगरी में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय काष्ठागार प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पूरे राज्य स्तर के वन मंडलाधिकारी, प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा के अधिकारी, प्रशिक्षु राज्य वन सेवा के सहायक वन संरक्षक, उपवनमंडलाधिकारी, वन काष्ठागार अधिकारी उपस्थित थे । यह कार्यशाला प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही.श्रीनिवास राव के निर्देशन व मार्गदर्शन में हुई। वन बल प्रमुख श्री राव ने धमतरी वनमंडल की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटिश समय में धमतरी डिवीजन से काष्ठ की सप्लाई विदेशों में की जाती थी। डिपो को ईमारती काष्ठों का शोरूम बताया। जितना बेहतर काष्ठ डिपो में होगा उतनी मात्रा में ही शासन को राजस्व मिलेगा। काष्ठागार प्रबंधन के तहत महत्वपूर्ण कार्यो जैसे ग्रेडिंग, कार्टिंग चालानों में पुनर्मापन, कूपों का समाधान पत्रक तैयार करना, रिकॉर्ड कीपिंग, डिपो को विभिन्न सेक्टरों में विभाजित करना, थप्पीकरण, जलाउ चट्टों का थप्पीकरण, व्यापारियों एवं बाजार की मांग अनुसार शुद्ध लॉट तैयार करना, लॉट नियंत्रण पंजी, मेजरमेंट में गलती नहीं करना आदि बातों से वनाधिकारियों को अवगत कराया गया । अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्पादन एस. जगदीशन ने बताया कि कूपों से निकलने वाले बेहतर काष्ठ को नीलाम के माध्यम से विक्रय करने पर जो अधिकतम मूल्य प्राप्त होता है, वह राजस्व के रूप में शासन के खजाने में शामिल होता है।

इस राजस्व आय से ही विभाग को बजट मिलता है जिसका उपयोग जंगलों के उपचार, सुरक्षा, विकास कार्य के साथ जनहित कार्य में होता है। रायपुर वनवृत्त के मुख्य वन संरक्षक मणिवासगन एस. इनके द्वारा बताया गया कि इस कार्यशाला से काष्ठागार में कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी के फील्ड कौशल को बढ़ाना है। वनमंडलाधिकारी श्री जाधव श्रीकृष्ण ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से काष्ठागार प्रबंधन को सुधारात्मक करते हुए तकनीकी पूर्ण व सैद्धांतिक तरीके से लागू करना है ताकि कर्मचारी अधिकारी डिपो कार्य में आने वाली समस्या से निपट सकें, जिसमें मुख्यतः डिपो स्तर पर नीलामी प्रक्रिया अंतर्गत वनोज के लॉटस का समयबद्ध गठन, उनका संधारण, अभिलेखों का रख-रखाव तथा नीलामी से पूर्व की आवश्यक कार्यवाही है।

एसएस नाविक संयुक्त वनमंडलाधिकारी बिरगुड़ी ने विविध स्लाइडों के माध्यम से काष्ठ आमद से बीड शीट तैयारी पर प्रस्तुतिकरण दिया। काष्ठ निर्वतन पर मनोज चंद्राकर उप वनमंडलाधिकारी मैनपुर व बॉस आधारित डिपो कार्यवाही के संबंध में आईपी गेन्द्रे उपवनमंडलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर ने प्रस्तुतिकरण दिया। चर्चा-परिचर्चा व प्रश्नोत्तरी के अलावा काष्ठागार नगरी में सेक्टरों में रखे गए काष्ठों का फील्ड विजिट कर सभी अधिकारी व कर्मचारीगणों को काष्ठ के डिमान्सट्रेशन ग्रेडिंग से रूबरू कराया गया। फीडबैक लेकर शंकाओं का समाधान किया गया। जितेन्दर कुमार संयुक्त वनमंडलाधिकारी नगरी ने आभार व्यक्त किया।

## शिविर में 24 लोगों ने किया रक्तदान



■ रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

विकासखंड मगरलोड के डोंगरीपारा ग्राम मारागांव में रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 24 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। रक्तदाताओं का पहले स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, तत्पश्चात सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर परअधिकारियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती देवकी ध्रुव सरपंच, कृष्णकुमार समुद्र तथा स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी श्रीमती चंद्रिका कंवर, ऋतुराज सिंह तथा श्रीमती मुन्नीबाई मितानिन का योगदान रहा। इस दौरान हृदयराम हलबा, सुनील पटेल, कार्तिक राम, नवीन पटेल, रिंकी ध्रुव, यशवंत पटेल, नरेश कुमार हलबा, रमेश कुमार पटेल, सौरभ कुमार ध्रुव, शंकरलाल ध्रुव, भानुप्रताप पटेल, दीपक कुमार ध्रुव, संतराम, भगवान सिंह ध्रुव, धनंजय ध्रुव, परमेश्वर, खम्मन पटेल, गुलाब ध्रुव, मिथुन मरकाम, कुलेश्वर पटेल, विक्की कुमार ध्रुव, कुबेर कुमार ध्रुव, संत कुमार ध्रुव, ऋतुराज सिंह ने ब्लड डोनेट किया।

## राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के कोच हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ के भिलाई में 20वीं राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कुश्ती संघ के पदाधिकारी एवं धमतरी जिले से लक्ष्मण साहू, जगन्नाथ यादव, प्रशांत राय, भूपेंद्र यादव, विजय यादव, टिकेश्वर निर्मलकर, विकास ठाकुर, नुमेश यादव शामिल हुए।

देशभर के 28 राज्यों से लगभग 1200 खिलाड़ी, कोच और मैनेजर इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे आयोजन का स्तर राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक भी हो गया है। मुख्य अतिथि बृजभूषण शरण सिंह, संजय सिंह, विजय बघेल और अंतरराष्ट्रीय पहलवान नरसिंह यादव शामिल रहे।

अतिथियों का सम्मान गदा भेंटकर किया गया, जो शक्ति और परंपरा का प्रतीक है। प्रतियोगिता 10 से 12 तक भिलाई के सिविक सेंटर क्षेत्र में आयोजित हो रही है, जिसमें महिला और पुरुष वर्ग के विभिन्न वजन वर्गों में मुकाबले होंगे। यह आयोजन छत्तीसगढ़ में कुश्ती खेल को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## दुगली की चार छात्राओं का नेशनल गेम में चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर दुगली की छात्राओं ने खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 69वें स्कूल नेशनल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया 2025-26 अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की चार छात्राओं का नेशनल स्तर पर चयन हुआ है, जो 14 अप्रैल को दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

जञात हो कि 27 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल नेशनल गेम्स 2025-26 के स्क्वैश अंडर-14 बालिका वर्ग में दुगली विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया था। इसी उपलब्धि के आधार पर पांच छात्राओं का नेशनल के लिए चयन हुआ, जिनमें से चार छात्राएं अब दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगी। दिल्ली में यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। प्रतिभागी छात्राएं 14 अप्रैल को रायपुर से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं में कामिनी ध्रुव पिता किसुन राम भित्तेश्वरी नेताम पिता पवन कुमार, मंजू जुर्री पिता किसनू राम, एवं भूमिका वट्टी पिता सम्पत राम शामिल हैं। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## भाजपाइयों ने दी शासकीय योजनाओं की जानकारी

**नगरी।** भाजपाइयों ने गांव, बस्ती चलो अभियान के तहत नगरी मंडल अंतर्गत शक्तिकेंद्र डोंगरडुला में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास व उज्ज्वला गैस योजना व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनका श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया व सभी को भाजपा ध्वज भेंट किया।

## सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसो. तहसील इकाई भखारा का सम्मेलन गंगाप्रसाद साहू के मार्गदर्शन व प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में उनके निज निवास श्रद्धा सदन भैंसबोड़ (अंवरी) में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जन्मदिन वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। सम्मेलन में पेंशनरों की समस्याओं, धारा 49 (6) को हटाने एवं संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। सम्मेलन में उद्बोधन के साथ -साथ गीत, कविता एवं भाषण का भी समावेश किया गया था।

## देवरी में 'गांव चलो अभियान' की गूंज



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ जिला महामंत्री ने सुनी जनता की समस्याएं

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत ग्राम देवरी में सघन जनसंपर्क अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और हितग्राहियों से सीधा संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री राकेश साहू ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। श्री साहू ने कहा कि गांव चलो अभियान जनता और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।

अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जाकर संपर्क किया गया। इस दौरान समाज प्रमुखों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी रूपचंद साहू, सहप्रभारी यादराम साहू, जिला महामंत्री युवा मोर्चा जितेश सिन्हा, सरपंच महेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष गिरीश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## यादव समाज के वार्षिक अधिवेशन में शिक्षा मंत्री ने दी 40 लाख की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा में यादव समाज कुरुद क्षेत्र द्वारा दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन भखारा में किया गया। इस आयोजन में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव में शिरकत की। इस दरम्यान मंत्री का समाजजनों ने गजमाला व खुमरी पहनाकर अभिनन्दन किया। अधिवेशन में यादव समाज द्वारा संपूर्ण रीति-रिवाज से दो जोड़ों का आदर्श विवाह संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। राऊत नाचा झांकी की प्रस्तुति हुई। विशिष्ट अतिथि दादू यादव थे। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री ने समाज में शिक्षा का प्रसार व सामाजिक संगठन की मजबूती की बात कही। उन्होंने कहा कि यादव समाज गौ पालन, बकरी पालन व दुग्ध व्यवसाय से जुड़कर कर आत्मनिर्भर बन रहा है। समाजजनों की मांग पर मंत्री ने सामुदायिक ब्लॉक भवन निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर प्यारेलाल यादव, संतोष यादव, महेश यादव, चेतन यादव, लीलाराम यादव, बीरसिंग यादव, अमरसिंह यादव, थानसिंग यादव, अशोक यादव, तुकाराम यादव, जोहत यादव, डेरहूराम यादव, झगरुराम यादव, संतोष यादव, चेमन यादव, दारुण यादव उपस्थित थे।

## राहगीरों को राहत देगा कठौली का शीतल प्याऊ घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्राम कठौली में विभिन्न नवाचारों के लिए संकल्पित, संचालित संस्था अनुराग साहित्य एवं कला संस्था के अध्यक्ष प्रशांत सोनवानी के मुताबिक विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से डॉ. खेमराज साहू सरपंच ग्राम पंचायत कठौली तथा नरेंद्र धीवर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौली के आतिथ्य में शीतल प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया।

अध्यक्ष प्रशांत ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य गर्मी के मौसम में आम नागरिकों, विशेषकर राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। यह समाज में सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर राजकुमार निषाद, जितेन्द्र साहू, वीरेंद्र नगारची, खिलावन साहू, खेमू पटेल, टिकेश्वर विश्वकर्मा, परमेश्वर निषाद, राहुल साहू, उपेंद्र साहू, रमेश साहू, पंचुराम निषाद, रेखा निषाद, जागृति साहू, यशोदा साहू, डिगेश्वर नगारची, नागेश्वरी निषाद, हिरौंदी साहू, अंजू नगारची, लक्ष्मी निषाद उपस्थित थे।

## तेंदूभाठा में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन

**मगरलोड।** मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत ग्राम पंचायत कोरगांव के आश्रित ग्राम तेंदूभाठा में 5.20 लाख रुपए से सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। मौके पर जनपद सदस्य श्रीमती हेमलता ध्रुव, पोखनलाल पटेल, श्रीमती धनेश्वरी यादव, टिकेश्वर साहू, भारतलाल ध्रुव, हीराराम, यशोदा ध्रुव, फागिनी ध्रुव, मोनिका ध्रुव सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण का समापन



**सिर्री।** ग्राम भैंसमुंडी में ग्रामवासियों द्वारा आयोजित चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण के समापन की पूर्व संध्या में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत 12 वर्ष की आराध्या साहू बाल पंडवानी गायिका द्वारा महाभारत की कथा सुनाई गई। पांडवों द्वारा अपने राजकाज को वापस मांगने और दुर्योधन द्वारा सुई की नोक के बराबर भी हिस्सा नहीं देने पर दो भाइयों के बीच महायुद्ध को आराध्या ने बालविनोद करते हुए विस्तार से बताया साथ ही मंच से व्यक्ति व समाज को संस्कारवान और नशामुक्त होने का संदेश दिया। 10 अप्रैल को महापूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन हुआ। कथावाचक परमानंद यादव थे। उनके प्रेरक वचनों से जनमानस लाभान्वित हुए।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अवैध रूप से लकड़ी परिवहन गश्ती दल ने किया ट्रक जब्त

**महासमुंद।** सघन गश्ती अभियान के तहत शुक्रवार को महासमुंद वनमंडल के बागबाहरा परिक्षेत्र अंतर्गत खल्लारी सर्किल के दक्षिण खल्लारी परिसर में विशेष सघन जांच के दौरान विभागीय अमले ने ग्राम चुरकी क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी परिवहन करते हुए एक स्वराज माजदा ट्रक (क्रमांक सीजी 08 एल 0851) को पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अवैध रूप से परिवहन की जा रही बीजा लकड़ी 19 नग (1.523 घनमीटर) एवं अन्य प्रजाति की लकड़ी 4 नग (0.353 घनमीटर), कुल 23 नग (1.858 घनमीटर) पाई गई, जिसे मौके पर ही जब्त कर लिया गया। जब्ती उपरांत वाहन चालक राकेश पिता गोरेलाल सतनामी निवासी फरफौद आरंग जिला रायपुर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान चालक द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। उक्त प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 14402/24, 10 अप्रैल 2026 को पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। कार्रवाई में वन प्रबंधन समिति चुरकी के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ-साथ परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव, डिप्टी रेंजर मोतीलाल साहू, वनरक्षक कमल यादव, अमित दीवान एवं विवेकानंद क्षेत्रपाल का योगदान रहा।

### पत्नी से मारपीट पति पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को मौहारीभांठा निवासी संतोषी सेन ने बताया कि वह अपने पति तेजेंद्र कुमार सेन के साथ न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करती हूं। 09 अप्रैल को वह अपने मायके महासमुंद मौहारीभाठा आयी थी। जब वह 10 अप्रैल को रायपुर जाने के लिये तैयार हो रही थी, तभी करीबन शाम 04 बजे उसका पति तेजेंद्र कुमार सेन नशे की हालत में आया और मायके में बार-बार आती हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बेटे के साथ मारपीट, आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बेटे के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी पिता के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को बेलसोंडा के दुर्गेश कुमार साहू ने बताया कि बीते 05 वर्षों से अपने माता-पिता से अलग रहकर अपनी पत्नी एवं बच्चे के साथ जीवनयापन कर रहा हूं। उसने बताया कि सुबह करीब 7 बजे उसकी पत्नी तुकेश्वरी साहू ने बेटे को स्कूल जाने के लिये देरी होने के चलते डांट दिया था। इसी बात को लेकर उसके पिताजी सालिकराम साहू न 10 अप्रैल को दोपहर करीबन 3.30 बजे शराब के नशे में घर आकर तुम मेरे नाती को डांटते हो कहकर गुस्से में आकर उसके साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

### खट्टी जंगल में हुई युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी

**महासमुंद।** खट्टी के जंगल में हुई हत्या के मामले की मुख्य वजह पुरानी रंजिश और आपसी गाली गलौज है। हाल ही में हुए इस हत्याकांड के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो उड़ियापारा रावणभांठा के निवासी हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को ग्राम खट्टी के जंगल में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस जांच में मृतक की पहचान 23 वर्षीय प्रकाश पटेल, निवासी खैरा (महासमुंद) के रूप में हुई। मृतक के चेहरे, सीने और गर्दन पर गंभीर चोट के निशान थे और उसके गले में पीले रंग का गमछा बंधा हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# राज्य व केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने किया प्रेरित

## गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत बेलरगांव मंडल में पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत बेलरगांव मंडल के ग्राम पंचायत बिरगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर पार्टी की रीति-नीति एवं भाजपा के मूल मंत्र अंत्योदय के सिद्धांतों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप ने डबल इंजन की सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाई। बेलरगांव मंडल अध्यक्ष ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में



आमजन की सहभागिता एवं जिम्मेदारी पर जोर देते हुए लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के प्रभारी दीपक साहू तथा सहप्रभारी चुम्मन साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न हितग्राही परिवारों से संपर्क किया।

संपर्क अभियान में वरिष्ठ नागरिक राधेश्याम नाग का सम्मान किया गया। समाज प्रमुख डाकेन्द्र कश्यप के निवास में अभियान को विराम दिया गया। इस अवसर पर राधेश्याम नाग, दमन लाल कश्यप, डोमार साहू, टामेश्वर सोम, लक्ष्मण गौर, संतोष पांडेय सहित अनेक वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बढ़ती लागत और घटती मांग से कुम्हारों का भविष्य अधर में

# मिट्टी के बर्तन बनाने वालों पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आधुनिक जीवनशैली और संसाधनों की उपलब्धता ने पारंपरिक कारीगरों के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। शहर में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार परिवार आज गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। जहां एक ओर उपयुक्त मिट्टी की कमी ने उत्पादन पर असर डाला है, वहीं दूसरी ओर बढ़ती लागत और घटती मांग ने उनकी आजीविका को प्रभावित कर दिया है।

कुंभकार कन्हैया ने बताया कि पहले गर्मी के मौसम में मटके,





सुराही और कुल्हड़ की जबरदस्त मांग होती थी, जिससे कुम्हारों की अच्छी आमदनी हो जाती थी। लेकिन अब घर-घर फ्रिज पहुंचने से मिट्टी के बर्तनों की उपयोगिता कम होती जा रही है। बदलती जीवनशैली का सीधा असर इस पारंपरिक व्यवसाय पर पड़ा है, जिसके चलते कई कुम्हार परिवार इसे छोड़कर दूसरे रोजगार की तलाश में जुट गए हैं।

सबसे बड़ी समस्या कुम्हारों को उपयुक्त मिट्टी का नहीं मिलना है। पहले शहर के तालाबों से आसानी से मिट्टी उपलब्ध हो जाती थी, लेकिन अब जलभराव और अन्य कारणों से वहां से मिट्टी निकालना संभव नहीं रहा। ऐसे में कुम्हारों को शहर के बाहर से महंगे दामों पर मिट्टी मंगवानी पड़ रही है, जिससे लागत में लगातार वृद्धि हो रही है।

इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद कुछ कुम्हार परिवार अपने पुश्तैनी व्यवसाय को जीवित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे पारंपरिक तकनीक के साथ-साथ आधुनिक साधनों का भी उपयोग कर उत्पादन बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, आर्थिक दबाव और सीमित बाजार के चलते यह कार्य दिन-ब-दिन चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

कुम्हारों का कहना है कि यदि समय रहते इस पारंपरिक कला को संरक्षण नहीं मिला, तो आने वाले वर्षों में यह व्यवसाय पूरी तरह समाप्त हो सकता है। उन्होंने युवाओं से भी इस कला को सीखने और आगे बढ़ाने की अपील की है, ताकि सांस्कृतिक विरासत सुरक्षित रह सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि स्थानीय स्तर पर मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और कुम्हारों को प्रोत्साहन मिले, तो यह व्यवसाय फिर से गति पकड़ सकता है। फिलहाल, कुम्हार परिवार कठिन हालात के बीच अपनी परंपरा को बचाने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं।

## पुल और सड़क निर्माण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खम्हरिया के ग्रामीणों ने श्मशान जाने के रास्ते में पुल और सांकरा से खम्हरिया तक सड़क नवीनीकरण की मांग कलेक्टर से की है। नगरी ब्लाक के ग्राम खम्हरिया के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण मालतीबाई कोर्राम, हुलासिनी ध्रुव, गीतादेवी, भागबाई साहू, पवनकुमार, रोहणीबाई, सुशीला कश्यप ने जिलाधीश के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि नगरी जनपद के ग्राम पंचायत खम्हरिया में श्मशान जाने वाले रास्ते का पुल चार साल से टूटा हुआ है। इस पुल के निर्माण के लिए लगातार मांग की जा रही है। प्रतिवर्ष विधानसभा के बजट में रखा जाता है लेकिन स्वीकृति नहीं मिलती है। पुलिया निर्माण नहीं होने से पूर्वजों द्वारा निर्धारित स्थल पर शव का अंतिम संस्कार नहीं हो पाता है। ग्रामीणों ने उक्त पुलिया को प्राथमिकता से बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने एक अन्य मांग में खम्हरिया से सांकरा जाने वाली सड़क को अतिजर्जर बताते हुए इसके नवीनीकरण की मांग की है। बताया गया है कि खराब सड़क में प्रतिदिन दुर्घटना होती रहती है।

## नंदकुमार पुरी परिक्षेत्र झिरिया धोबी समाज के अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पुरी में झिरिया धोबी समाज के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। पूर्व पदाधिकारियों को सह सम्मान विदाई देकर नए पदाधिकारियों को नवीन दायित्व सौंपा गया। पूर्व अध्यक्ष दशरथ निर्मलकर ने बताया कि समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया है। ज्यादा से ज्यादा युवाओं को समाज से जोड़ा जायेगा। सर्वसहमति से नन्दकुमार निर्मलकर को पुरी परिक्षेत्र झिरिया धोबी समाज का अध्यक्ष चुना गया है।

अपनी नियुक्ति पर नंदकुमार ने कहा कि जिस प्रकार समाज ने मुझ पर विश्वास जताया है, मैं उस विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। मौके पर धर्मेंद्र निर्मलकर, भगत निर्मलकर, सोहन, दशरथ, खिलावन, गुलेन्द्र, धन्नूराम, लेखराम, गणिका, नरसिंह, दामिनी, लखन, भुवन, संतोष, चमन, योगेश्वर, भारत, टीकाराम निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## 40 साल की अटूट दोस्ती : स्कूल की बेंच से जीवन के हर मोड़ तक साथ निभा रहे दोस्त

- समय और जिम्मेदारियों के बीच कायम रही सच्ची मित्रता,
- परिवारों तक फैला अपनापन, हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में दोस्ती की एक अनोखी और प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है, जहां करीब दर्जन भर दोस्तों का समूह पिछले 40 वर्षों से अपने रिश्ते को पूरी आत्मीयता और विश्वास के साथ निभा रहा है। हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई के दौरान शुरू हुई यह दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत है, जितनी चार दशक पहले थी।

इस समूह में नरेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, अजय मीनपाल, तोरण साहू, अजय महाडिक, काशीराम साहू, गिरीश पटेल सहित अन्य मित्र शामिल हैं।



सभी दोस्त आज अपने-अपने व्यवसाय और जिम्मेदारियों में व्यस्त हैं, लेकिन इसके बावजूद वे रोजाना शाम को समय निकालकर एक-दूसरे से मिलते हैं। साथ बैठकर हंसी-मजाक, पुरानी यादों को ताजा करना और सुख-दुख साझा करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है।

इनकी दोस्ती केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवारों के बीच भी गहरा जुड़ाव देखने को मिलता है। त्योहारों और विशेष अवसरों पर सभी परिवार एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देते हैं, साथ भोजन करते हैं और खुशियां बांटते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में आपसी अपनापन साफ झलकता है।

दोस्तों का कहना है कि जीवन की भागदौड़ और जिम्मेदारियों के बावजूद उन्होंने अपनी मित्रता को कभी कमजोर नहीं होने दिया। एक-दूसरे के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहना ही उनकी दोस्ती की सबसे बड़ी ताकत है।

## सुमिता बनी नेशनल स्तर की ट्रेनर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

स्टार्टअप इंडिया के अंतर्गत एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम में धमतरी की समाजसेवी सुमिता पंजवानी को अक्रेडिटेड नेशनल ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे एग्रीकल्चर साइंटिस्ट भी रह चुकी हैं। जिले के लिए गर्व का विषय है कि धमतरी की श्रीमती सुमिता पंजवानी को स्टार्टअप इंडिया (डीपीआईआईटी) अंतर्गत आयोजित एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (ईडीपी) में अक्रेडिटेड नेशनल ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें यह सर्टिफिकेट शुभारंभ एम्पावरिंग स्टार्टअप्स फॉर सक्सेस प्रोग्राम के अंतर्गत प्रदान किया गया है, जो 1 जनवरी 2026 से इफेक्टिव है।



यह प्रोग्राम स्टार्टअप इंडिया के कोलैबोरेशन से तथा अनूयन मल्टीसर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कंडक्ट किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती पंजवानी पिछले लगभग 20 वर्षों से आर्ट ऑफ लिविंग में फैकल्टी के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं तथा स्पिरिचुअलिटी के माध्यम से सामाजिक स्तर पर निरंतर योगदान दे रही हैं। भूतपूर्व एग्रीकल्चर साइंटिस्ट भी रही हैं, जिससे उन्हें विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक अनुभव प्राप्त है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ अब वे जिले में युवाओं, महिलाओं एवं नव एंटरप्रेन्योर्स को गाइडेंस प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उनके माध्यम से लोकल स्तर पर स्टार्टअप कल्चर एवं एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। श्रीमती पंजवानी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मेंटर कौशल बोरीसागर, नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप मास्टर ट्रेनर एवं डायरेक्टर, अनूयन मल्टीसर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड को दिया है।

जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा की अनुशंसा पर राशि स्वीकृत

## स्कूलों में होंगे विकास कार्य, शिक्षा व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छग शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के संवर्धन हेतु विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा की अनुशंसा पर क्षेत्र के कई विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष एवं प्रार्थना शेड निर्माण का कार्य किया जाएगा।

शासकीय प्राथमिक शाला खरका ग्राम पंचायत जबर्रा में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9.42 लाख रुपये, शासकीय प्राथमिक शाला गाताबाहरा ग्राम पंचायत खल्लारी में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9.42 लाख रुपये, शासकीय प्राथमिक शाला बुड़रापारा ग्राम पंचायत खल्लारी में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9.42 लाख रुपये, शासकीय प्राथमिक शाला



मादागिरी ग्राम पंचायत करही में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9.42 लाख रुपये, शासकीय प्राथमिक शाला अमलीपारा (मु.), ग्राम पंचायत मुकुंदपुर में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9.42 लाख रुपये, शासकीय प्राथमिक शाला खमनापारा ग्राम पंचायत नवागांव (सा.) में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9.42 लाख रुपये, शासकीय प्राथमिक शाला सराईटोला (ब), ग्राम पंचायत गुहाननाला में 2 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 9.42 लाख रुपये, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सराईटोला, ग्राम पंचायत सराईटोला मॉल में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 10 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा। अतिरिक्त कक्षों के निर्माण से कक्षाओं की कमी दूर होगी तथा विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

## स्मार्ट क्लास, सुरक्षा और आधुनिक सुविधाओं से सजेगा कुरूद कॉलेज

- जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष ने विकास का प्रस्ताव विधायक को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद को आधुनिक शिक्षा और बेहतर सुविधाओं से लैस करने की दिशा में पहल तेज हो गई है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टिकेश साहू ने विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात कर महाविद्यालय के विकास हेतु विस्तृत प्रस्ताव सौंपे।

प्रस्ताव में वाणिज्य संकाय के लिए 3 स्मार्ट क्लास रूम बनाने की मांग शामिल है। इन कक्षाओं में प्रोजेक्टर, स्मार्ट बोर्ड, साउंड सिस्टम और लगभग 200 नई स्टडी चेयर की व्यवस्था की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा मिल सके। साथ ही कंप्यूटर लैब को अपग्रेड करने का प्रस्ताव भी रखा गया है

महाविद्यालय परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल और मुख्य प्रवेश द्वार निर्माण की मांग की गई है। वहीं, संकरा केनाल रोड से कॉलेज तक करीब 300 मीटर सड़क के चौड़ीकरण और डामरीकरण का प्रस्ताव भी दिया गया है।

इसके अलावा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक बहुउद्देशीय हॉल, गार्डन और कॉम्पोजिट बिल्डिंग निर्माण का सुझाव दिया गया है। इस बिल्डिंग में एटीएम, कैंटीन, चॉइस सेंटर, फोटोकॉपी और स्टेशनरी दुकानें तथा अभिभावकों के लिए वेटिंग एरिया विकसित करने की योजना है। टिकेश साहू ने कहा कि कॉलेज में बेहतर शिक्षा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। विधायक अजय चंद्राकर ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया है।

## अज्ञात लावारिस शव का किया अंतिम संस्कार



- बोल बम सेवा समिति ने अब तक 74 लावारिस शवों को दी सद्गति

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

बोल बम सेवा समिति कुरूद ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए अज्ञात लावारिस शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया। शुक्रवार 10 अप्रैल को नया तालाब किनारे एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिलने पर समिति के सदस्य सक्रिय हुए और पुलिस की अनुमति के बाद पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार की व्यवस्था की। समिति के सदस्यों ने शव को कुरूद के हिन्दू मुक्तिधाम ले जाकर कफन-दफन की प्रक्रिया पूर्ण की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने ओम शांति का उच्चारण कर आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बोल बम सेवा समिति ने अब तक 74 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया है, जो समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सेवा भावना को दर्शाता है। इस कार्य में समिति के अध्यक्ष भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नंद आमदे, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, सह कोषाध्यक्ष भारत साहू, सहसचिव कमल शर्मा सहित सदस्य कृष्णा ढीमर, सीताराम, राजा चन्द्राकर, रवि यादव, अमित कुमार और विक्रम उपस्थित थे। पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक रामसेवक बमबोडे, आरक्षक महेश साहू और संतोष ध्रुव की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।

## श्री श्याम संकीर्तन में उमड़ी भक्तों की भीड़





**अंवरी।** ग्राम कोड़ेबोड़ में करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम के तत्वधान में 10 अप्रैल को भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जो देर रात्रि तक श्रद्धा और भक्ति के माहौल में चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखने को मिली।

श्री श्याम संकीर्तन में भजन प्रवाहक विनय अग्रवाल (रायपुर) ने अपने सुमधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके साथ आरु साहू (नगरी) एवं विकास (भाटापारा) ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। सभी भजन प्रवाहकों के भजनों पर श्याम भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे।

## सेजेस कंडेल में प्रवेश प्रारंभ



**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में सत्र 2026- 27 के लिए प्रवेश प्रकिया प्रारंभ की गई है। 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड पर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने बताया कि इच्छुक स्टूडेंट एवं पालक निर्धारित तिथि अंतर्गत अंग्रेजी माध्यम में क्लास 1 से क्लास 11 तक प्रवेश के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

## एल्डरमेन नियुक्ति की आहट से नगरीय निकायों में हलचल तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश में नगरीय निकायों में एल्डरमेन नियुक्ति की तैयारियां अंतिम चरण पर है। इसी के साथ जिले के नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। संभावित दावेदारों के बीच उत्सुकता चरम पर है और सभी की नजरें शासन के आगामी आदेश पर टिकी हुई हैं।

जिले में एक नगर निगम, एक नगर पालिका तथा पांच नगर पंचायतें संचालित हैं, जहां निर्धारित संख्या के अनुसार एल्डरमेन नियुक्त किए जाने हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित संगठन द्वारा संभावित नामों की सूची पहले ही शासन स्तर पर भेजी जा चुकी है। इस प्रक्रिया में सामाजिक संतुलन और विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व देने पर विशेष ध्यान रखा गया है।

नगर निगम क्षेत्र में एल्डरमेन पदों के लिए अपेक्षाकृत अधिक दावेदार सामने आए हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी दिलचस्प हो गई है। वहीं नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी नियुक्ति को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि अन्य राज्यों की तर्ज पर यहां भी जल्द ही सूची जारी की जा सकती है। सूत्रों की मानें तो आगामी कुछ दिनों में शासन स्तर से नियुक्ति आदेश जारी होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल में निःशुल्क गुर्दारोग शिविर 17 को

**धमतरी।** एस्काग संजीवनी संस्था द्वारा जिला अस्पताल में 17 अप्रैल को निःशुल्क गुर्दारोग शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शुरु होगा। गुर्दा रोग के मरीज निःशुल्क शिविर का लाभ उठा सकते हैं। संस्था द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में निःशुल्क डायलिसिस सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

### विधायक मरकाम का दावा : मेरे प्रयास से स्वीकृत हुए विकास कार्य

**नगरी।** विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि क्षेत्र में स्वीकृत विकास कार्य उनके प्रयासों और अनुशंसा से संभव हुए हैं।



उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में प्रस्ताव भेजकर उन्होंने अनेक कार्यों को स्वीकृति दिलाई है, साथ ही 18 स्कूलों में भवन निर्माण की मंजूरी भी उनके द्वारा विधानसभा में मुद्दा उठाने के बाद मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ माध्यमों द्वारा भ्रामक जानकारी फैलाकर अन्य लोगों को श्रेय दिया जा रहा है।

### संत शिरोमणि नंद सेन महाराज की जयंती 14 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में झेरिया सेन समाज इकाई भानुप्रतापपुर के तत्वाधान में 14 अप्रैल मंगलवार को संत शिरोमणि नंद सेन महाराज की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन दुर्गुकोंदल के आवास पारा में आयोजित होगा, जिसमें समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसमें महिलाएं एवं समाज के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे।

### तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से दंपत्ति घायल



**कांकेर।** शहर कांकेर के भंडारीपारा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां एक तेज रफ्तार स्कूटी चालक की लापरवाही ने एक दंपत्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। शांत इलाके में हुई इस घटना ने एक बार फिर लापरवाह वाहन चालकों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घायल व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भंडारीपारा निवासी 45 वर्षीय बंशीपाल 10 अप्रैल को अपनी पत्नी कोमिन पाल और भाभी रेखा पाल के साथ खेत में काम करने गए थे। शाम करीब 6 बजे तीनों पैदल अपने घर लौट रहे थे। जब वे भंडारीपारा स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति में आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीई 5735 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बंशीपाल और उनकी पत्नी को जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में बंशी पाल को कमर में गंभीर चोट आई, जबकि उनकी पत्नी कोमिन पाल के सिर में गहरी चोट लगने से खून बहने लगा। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों की मदद की और उन्हें संभाला। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घटना से आक्रोशित बंशी पाल ने थाना कांकेर में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) और 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निगम क्षेत्र के 70 बड़े कर बकायादारों को नोटिस, मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

वित्तीय वर्ष में शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। शहर में लंबे समय से कर नहीं चुकाने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दस हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले करीब 70 करदाताओं को नोटिस जारी किए जाने के बाद शहर में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

नोटिस मिलने के बाद कई बकायादार सक्रिय हो गए हैं और बकाया राशि जमा करने के लिए निगम कार्यालय का रुख कर रहे हैं। निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि लक्ष्य पूरा करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस वर्ष निगम ने करोड़ों रुपये के राजस्व संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे हासिल करने के लिए अधिकारी और कर्मचारी लगातार फील्ड में सक्रिय हैं।

राजस्व अमला घर-घर पहुंचकर संपत्ति कर, जलकर और दुकान किराया की वसूली में जुटा हुआ है। अधिकांश नागरिक समय पर कर जमा कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोग वर्षों से बकाया नहीं चुका रहे थे, जिन पर अब सख्ती शुरू कर दी गई है। ऐसे सभी बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर चरणबद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## शत-प्रतिशत राजस्व वसूली को लेकर नगर निगम एक्शन मोड में

### आनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं

निगम प्रशासन ने करदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था भी लागू की है, जिससे लोग घर बैठे ही कर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खोलकर कर संग्रह किया जा रहा है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सख्ती का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जलकर नहीं चुकाने वाले कई उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काट दिए गए हैं। वहीं लंबे समय से दुकान किराया नहीं देने वालों की दुकानों को सील करने की कार्रवाई भी की गई है। इन कदमों के बाद बकायादारों में हड़कंप है और वे कार्रवाई से बचने के लिए तेजी से भुगतान कर रहे हैं।



### लेट होने पर अतिरिक्त शुल्क

निगम अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा के बाद कर जमा करने पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे समय रहते अपना बकाया जमा करें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। फिलहाल निगम लक्ष्य के करीब पहुंच चुका है और शेष अवधि में शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

---

## जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा के 15 लाख के शेड से मिली बड़ी राहत, गौशाला को मिला संबल

# बेजुबानों की सेवा में समर्पित इंसानियत : पंडरीपानी गौशाला बनी करुणा और सेवा की अनूठी मिसाल

- पशु चिकित्सक और पशु सखियों का अपेक्षित सहयोग नहीं, इलाज में आ रही गंभीर बाधाएं
- गौ तस्करों की धमकियों से बढ़ी चिंता, समिति ने जताई अनहोनी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

ग्राम पंडरीपानी भीतररास सिहावा स्थित श्री श्रृंगी ऋषि गौशाला जीवरक्षा सेवा समिति आज केवल एक गौशाला नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और धर्म की जीवंत मिसाल बनकर उभर रही है। वर्ष 2006 में जियो और जीने दो के मूल उद्देश्य के साथ स्थापित इस गौशाला ने सैकड़ों बेजुबान पशुओं को नया जीवन देने का कार्य किया है।






### करुणा से शुरू हुई सेवा की यात्रा

11 मार्च 2006 को संस्थापक महेश नाहटा द्वारा स्थापित इस गौशाला को प्रथम अध्यक्ष स्व. कांशीराम साहू ने अपनी 2.5 एकड़ भूमि दान देकर मजबूत आधार दिया। बेजुबान पशुओं के जीवन की रक्षा और सेवा का संकल्प लेकर शुरू हुई यह संस्था आज पूरे क्षेत्र में प्रेरणा का केंद्र बनी हुई है। छग शासन द्वारा वर्ष 2009 में यति यत्नलाल अहिंसा एवं गौरक्षा अलंकरण से भी सम्मानित किया जा चुका है।

### हर सुबह सेवा से होती है शुरुआत

समिति के वर्तमान अध्यक्ष प्रिंस गोलछा, कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी, सचिव श्रीमती अनिता गोलछा, डेविड साहू, धनेंद्र ठाकुर, शिवशंकर सोनबोइर, विकास जैन, दानसाय साहू एवं देवीचंद ढेलडिया सहित पूरी टीम प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक गौशाला पहुंचकर सैकड़ों गायों की सेवा में जुट जाती है। गायों को कुट्टी-चारा देना, साफ-सफाई, नहलाना, बीमार गायों की देखभाल तथा बछड़ों को दूध पिलाना जैसे कार्य नियमित रूप से सेवा भाव से किए जाते हैं।

### सेवा ही साधना

गौशाला परिसर में चर्चा करते हुए अध्यक्ष प्रिंस गोलछा ने कहा कि सेवा अनेकों प्रकार की की जाती है, लेकिन गौ सेवा करना हमने इसलिए चुना क्योंकि आज जिस प्रकार से इन बेजुबान जानवरों को सताया और काटा जा रहा है, उनके जीवन की रक्षा करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। मुझे इस कार्य को करने से जो आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

### आत्मिक प्रसन्नता मिल रही

कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी ने कहा कि धर्म ग्रंथों में उल्लेख है कि गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का निवास होता है। गौ सेवा और पूजा से ही 33 करोड़ देवी-देवताओं की आराधना हो जाती है। यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव रहा है कि पिछले 8 माह में मुझे ब्लडप्रेशर की बीमारी थी और व्यवसायिक कार्यों के कारण थकान व तनाव भी रहता था, लेकिन प्रतिदिन सुबह गौशाला में गौ माता की सेवा के बाद शारीरिक, मानसिक और आत्मिक प्रसन्नता मिल रही है, जिसका परिणाम है कि आज ब्लड प्रेशर सामान्य हो गया है और तनाव भी समाप्त हो गया है।

### 290 से 470 गायों तक का सफर

वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा लगभग 8 माह पूर्व कार्यभार संभालने के समय गौशाला में 290 गायें थीं, जो अब बढ़कर 470 हो चुकी हैं। इनमें से 80 गायों को दुगली क्षेत्र से गौ तस्करी से बचाया गया तथा 33 गायों को कांकेर से सुरक्षित लाया गया।

बीमार एवं घायल गायों के उपचार के लिए दवाइयों की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। पंडरीपानी निवासी रामकुमार साहू बीमार गायों की देखभाल करते हैं। उपचार में सहायता के लिए दिल्ली से 3 काऊ लिफ्टर भी मंगाए गए हैं।

### आर्थिक व्यवस्था और जनसहयोग सेवा का मजबूत आधार

गौशाला के संचालन में प्रतिदिन लगभग 10 हजार रुपये का व्यय होता है। गौ सेवा आयोग से प्रति वर्ष 25 लाख रुपये की राशि किस्तों में प्राप्त होती है। दानदाताओं के सहयोग से गौ बरामदा, कमरे और गोदाम का निर्माण कराया गया है। जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा द्वारा अपनी निधि से 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड गौशाला के लिए वरदान साबित हुआ है।

### आत्मनिर्भरता की ओर कदम



समिति द्वारा वर्तमान में छेना का निर्माण किया जा रहा है, जिसे 5 रुपये प्रति नग की दर से बेचा जाता है। इसके साथ ही गोबर से लकड़ी बनाने की मशीन भी लाई गई है। भविष्य में धूप, अगरबत्ती और गौमूत्र अर्क निर्माण इकाई स्थापित कर गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। समिति ने समाज के लोगों से आह्वान किया है कि वे गौशाला में आकर गौ माता की सेवा अवश्य करें, जिससे आत्मा की तृप्ति के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त हो सके और गौ रक्षा का यह पवित्र अभियान और मजबूत बन सके।

### तस्करी के खिलाफ आवाज

समिति द्वारा गौ तस्करी रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में कांकेर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नरहरपुर विकासखंड के मुसुरपुट्टा में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजार को बंद कराने की मांग की गई है, जहां से बड़ी संख्या में गायों को कत्ल के लिए ले जाया जाता है।

### समस्याएं और मांग, सहयोग की दरकार

समिति के अनुसार सबसे बड़ी समस्या पशु चिकित्सकों और पशु सखियों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलना है, जिससे बीमार गायों के उपचार में गंभीर कठिनाइयां आ रही हैं। साथ ही गौ तस्करों द्वारा आए दिन धमकियां मिलने से अनहोनी की आशंका बनी रहती है। समिति ने सरकार से गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौशाला के लिए बाउंड्री वॉल तथा स्थायी पशु चिकित्सक की व्यवस्था करने की मांग की है।

---

## रुद्री रोड कर्मा चौक में हुई घटना

# पिकअप की ठोकर से बैंक का गार्ड व साथी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

रुद्री रोड से गुजर रहे बाइक सवार बैंक के गार्ड व उसके साथी को तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार हरिशचंद भूआर्य पिता भगवानी उम्र 22 वर्ष जायपारा भानुप्रतापपुर निवासी कलेक्ट्रेट आफिस के पास स्थित बैंक में गार्ड का काम करता है। शुक्रवार की रात्रि हरिश्चंद्र अपने साथी राकेशकुमार पिता कीर्तनराम उम्र 26 वर्ष ग्राम घोटिया बालोद निवासी के साथ बाइक में सवार होकर रुद्री रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रही तेज रफ्तार पिकअप ने कर्मा चौक के पास बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को वरदान संस्था की एंबुलेंस से उपचार के लिए तत्काल रत्नाबांधा स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां घायलों का उपचार जारी है। बताया गया है कि बैंक का गार्ड डयूटी पर जा रहा था। इसी दौरान यह घटना हुई।







# नहर में बहे नाबालिग का शव चौबीस घंटे बाद मिला

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- रुद्री मुख्य नहर में हुआ था हादसा

नहाते समय पानी के तेज बहाव में बहकर लापता हुए नाबालिग का शव चौबीस घंटे बाद बरामद कर लिया गया है। पुलिस व गोताखोरों की टीम घटना के बाद से लगातार तलाश में जुटी हुई थी।

शुक्रवार की सुबह 8 से 9 लोग आटो में सवार होकर रुद्री बरॉज की मुख्य नहर में नहाने गए थे। नहाते समय एक 16 साल का नाबालिग पानी के तेज बहाव में फंसकर डूब गया। सूचना पर रुद्री पुलिस व गोताखोरों की टीम घटनास्थल पहुंची। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीएसपी व डीएसपी भी तत्काल मौके पर पहुंचे। पानी में लापता हुए युवक की तलाश शुरु कर दी गई। गोताखोरों की टीम को पानी में उतारा गया। गोताखोर शुक्रवार को दिनभर पानी में नाबालिग की तलाश करते रहे, लेकिन नहर में पानी ज्यादा होने के कारण नाबालिग का पता नहीं चल पाया। अंधेरा हो जाने के कारण शुक्रवार को रेस्क्यू आपरेशन को रोकना पड़ा। सीएसपी ने सिंचाई विभाग से बात कर नहर में पानी की मात्रा को कम करने के लिए कहा। विभाग ने पानी की मात्रा धीरे-धीरे कम कर दी। शनिवार की सुबह पुलिस व गोताखोर की टीम ने नहर में फिर रेस्क्यू आपरेशन शुरु किया। इस दौरान नाबालिग का शव नहर में बन रहे नये पुल के पिल्लर के पास फंसा पाया गया। शव को नहर से बाहर निकाला गया। 24 घंटे में जलीय जंतुओं ने शव को नोच लिया था। मृतक की पहचान समीर रिजवी पिता भतलूब हसन उम्र 17 वर्ष ग्राम पाली जिला हरदोई उत्तरप्रदेश निवासी के रूप में हुई। सूचना पर वरदान परामार्थ समिति सेवा संस्था के शिवा प्रधान व प्रियांश साहू मौके पर पहुंचे और शव को एंबुलेंस से जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी पहुंचाया। रुद्री पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



नहर में चलाए गए रेस्क्यू आपरेशन में हवलदार शंभूनाथ ध्रुव, चंद्रकांत चंद्राकर, अनिल नेताम, प्रेमकुमार ध्रुव, अनिलकुमार, विजय बघेल व कलीराम ध्रुव की भूमिका रही।

---

## दोनों आरोपी 14 दिनों के न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में अवैध प्रवेश करने वाले ओडिशा के दो शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शिकार या अनैतिक कार्यों के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रवेश करना महंगा पड़ेगा। इसी कड़ी में रिजर्व के एंटीपोचिंग टीम ने ओडिशा के दो शिकारियों को तीर कमान और अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को गोपनीय सूचना के आधार पर उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व ने एंटीपोचिंग को कार्रवाई के निर्देश दिए। 2 अप्रैल को वन संरक्षण वरूण जैन ने वनक्षेत्र पाल परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश चौधरी कुल्हाड़घाट बफर को ग्राम गंटियापाड़ा कटफार निवासी जयराम पाहारिया जाति कमार की तलाशी के लिए निक्षेप जारी कर टीम गठित करने कहा।



टीम ने जयराम पाहारिया के निवास ग्राम गंटियापाड़ा कटफार ओडिशा स्थित उसके घर एवं बाड़ी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके घर से दो नग धनुष, पांच नग तीर तथा एक नग घुरु बरामद हुआ जिसे जब्त किया गया। जयराम पाहारिया एवं उसके साथी बरनसिंग पाहारिया के विरूद्ध पीओआर वन अपराध दर्ज किया गया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय गरियाबंद में पेश किया गया जहां से उन्हें 14 दिनों के न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है। आरोपियो ने टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रात को शिकार के प्रयास में हथियार सहित अवैध प्रवेश के आरोप को स्वीकार किया। पूर्व में भी वन्यप्राणी शिकार की घटनाओं में शामिल गांव के अन्य व्यक्तियों के नाम भी बताए जिसकी तलाश वन विभाग की टीम कर रही है।

# दस लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- सिहावा पुलिस ने की कार्रवाई

बिक्री करने मोटरसाइकिल से महुआ शराब का परिवहन कर रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है।

सिहावा पुलिस को मुखबिर से एक व्यक्ति द्वारा ग्राम मल्हारी से अवैध कच्ची महुआ शराब का परिवहन किए जाने की सूचना मिली। जानकारी पर सिहावा पुलिस बताए गए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी कर तीरनाथ मरकाम को अवैध रुप से महुआ शराब परिवहन करते हुए रंगेहाथ पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2000 रुपए एवं मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 सीटी 7813 कीमत 20 हजार कुल 22 हजार की संपत्ति जब्त की गई।




आरोपी तीरनाथ मरकाम पिता मंगलराम उम्र 45 वर्ष ग्राम सिरसिदा थाना सिहावा निवासी को आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।


25 YEARS of excellence in Education
VIDHYA KUNJ MEMORIAL SCHOOL
DHAMTARI (C.G.)
Affiliation to - BHARTIYA SHIKSHA BOARD
(BSB A National Board for School Education)
CONGRATULATIONS TO ALL THE STUDENTS
Affiliation No. :- CG0F25050054
Our Shining Students
School Code :- 048
SEEKHA SAHU 1ST (A+) Nursery
SHRIYA THAKKAR 2ND (A+) Nursery
SEERAT THAKUR 3RD (A+) Nursery
DEVANSH 1ST (A+) J.K.G.
YOSHIKA SONWANI 2ND (A+) J.K.G.
TEJAS DAS MANIKPURI 3RD (A+) J.K.G.
CHETNA DEWANGAN 1ST (98.2%) S.K.G.
PURVANSH SAHU 2ND (97.8%) S.K.G.
PARUL NETAM 3RD (97.7) S.K.G.
VIPUL KUMAR SAHU 1ST (99.25%) 1st
SWATI JOSHI 2ND (99%) 1st
BHUMI JOSHI 3RD (98.87%) 1st
KHYATI SAHU 1ST (99.12%) 2nd
GUNJAN PATIL 2ND (99%) 2nd
MISHTI SAHU 3RD (98.6%) 2nd
KHUSHI CHHOTWANI 1ST (96.90%) 3rd
DHARA PATEL 2ND (96.45%) 3rd
PRANJAL SAHU 3RD (96.09%) 3rd
VEDITA MANIKPURI 1ST (95.6%) 4th
NIKSHIT GAJENDRA 2ND (94.8%) 4th
HARSHITA NETAM 3RD (94.6%) 4th
SRISHTI BANJARE 1ST (94.54%) 5th
PIYUSH SAHU 2ND (94.45%) 5th
UDITYA MAHOBIA 3RD (93%) 5th
RISHU PATEL 1ST (96.5%) 6th
KHUSHBOO BANWASI 2ND (95.77%) 6th
VEDITA SAHU 3RD (95.44%) 6th
SHIKSHA SAHU 1ST (98.88%) 7th
KHUSHBOO SAHU 2ND (98.83%) 7th
DEVIKA SAHU 3RD (98.16%) 7th
MUSKAN SONWANI 1ST (98.4%) 8th
DIMPLE SAHU 2ND (97.9%) 8th
RUCHIKA SINHA 2ND (97.9%) 8th
ADITYA MAHOBIYA 3RD (96.6%) 8th
DEVESH KUMAR 1ST (96.2%) 9th
TUSHAR PATEL 2ND (95.6%) 9th
LAKSHYA KUMAR SAHU 3RD (94.4%) 9th
SEEMA SONBER 1ST (92.8%) 11th
MANSHI SAHU 2ND (92%) 11th
ALLYASHA DUBEY 3RD (86.4%) 11th
100% Results
ADMISSIONS OPEN
For Nursery to Class-12th
ADMISSION HELPLINE No.
8889995560 | 8770579279
vkmsdhamtari_official
email:vidhyakunjmemorials2014@gmail.com
Housing Board Colony, Hatkeshar Ward, Bazar Chowk Dhamtari


छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ
पंजी.क्र.-163
साधना न्यूज़ चैनल MP-CG के संभागीय ब्युरो प्रमुख एवं
छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ धमतरी के प्रभारी युवा एवं उर्जावान
पत्रकार श्री ललित साहू को जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
आपने धमतरी शहर से पत्रकारिता की शुरुवात कर
युवा पत्रकारों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में दुर्ग संभाग एवं प्रदेश में अपनी उत्कृष्ट पहचान स्थापित की है।
Happy Birthday
चुनेश साहू शहर अध्यक्ष, धमतरी
श्रवण साहू ब्लॉक अध्यक्ष कुरुद
कुलदीप साहू ब्लॉक अध्यक्ष नगरी
धनेश्वर (बंटी) सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड
अश्वनी ठोकने जिला सलाहकार धमतरी
शैलेन्द्र लाहोरिया जिला उपाध्यक्ष धमतरी
कुंदन साहू जिला उपाध्यक्ष धमतरी
राजू गोसाई ब्लॉक मीडिया प्रभारी ब्लॉक नगरी
शमशाद खान जिला सह सचिव धमतरी
राजू पटेल जिला कार्यकारणी सदस्य धमतरी
धर्मेन्द्र यादव निर्वतमान ब्लाकअध्यक्ष नगरी
सतीश शर्मा कोषाध्यक्ष ब्लॉक कुरुद
पामेश देवांगन महासचिव ब्लॉक कुरुद
विनियालक्ष्मी कश्यप कार्यकारणी सदस्य धमतरी
दुर्गेश साहू जिला मीडिया प्रभारी धमतरी
चन्द्रप्रकाश सिन्हा जिला सचिव (धमतरी)
घनश्याम साहू जिला महासचिव (धमतरी)
रुपेश साहू जिला अध्यक्ष, धमतरी
गोपीकिशन कश्यप रायपुर, संभागीय सचिव
गोलू मंडावी सह सचिव ब्लॉक नगरी
दिग्विजय साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष कुरुद
सह सचिव ब्लॉक कुरुद
सूरज सिन्हा मिडिया प्रभारी ब्लॉक कुरुद
मिथिलेश पटेल कोषाध्यक्ष ब्लॉक नगरी
जय किशन साहू सह सचिव ब्लॉक नगरी
चन्द्रभान साहू ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य नगरी
भूपण नेताम ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य नगरी
ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य नगरी
जीवन साहू ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य नगरी
मनीष यादव ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य नगरी
ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य कुरुद
ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य नगरी
दिलीप साहू सचिव ब्लॉक कुरुद
छत्रपाल साहू ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य मगरलोड
आपको बेहतर पत्रकारिता के लिए सम्मानित उत्कृष्ट अवार्ड
सौजन्य : छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, ब्लॉक ईकाई धमतरी शहर, कुरुद ब्लॉक, मगरलोड ब्लॉक, नगरी ब्लॉक एवं समस्त जिला ईकाई धमतरी